# Students participated in Cerebral Palsy State Athletics

Twenty-two students participated in Cerebral Palsy State Athletics Meet on 25th March 2023 at Sports Complex, Sector 46 Chandigarh. Two group performance were given by the students of GRIID at the opening ceremony in the above meet. Group of 8 girls performed saraswati vandana. Group of 8 boys performed bhangra. Ms Ashima, Ms Anisha, Ms Sheetal Negi, and Ms Reena were the co-ordinators of the event.



आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

**दैनिक भास्कर**

**चंडीगढ़ भास्कर**

Dainik Bhaskar (Chandigarh Bhaskar) Page No-04 Colum No-07- Date-26-03-2023

## स्पेशल एथलेटिक्स: नरिंदर को गोल्ड मेडल

चंडीगढ़| पेरा स्पोर्ट्स सोसाइटी ऑफ चंडीगढ़ ने सेक्टर-46 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में चंडीगढ़ सीपी एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें आशा आर्मी स्कूल के नरिंदर ने टी-36 के 100 मीटर में गोल्ड मेडल जीता। ग्रिड के मोहित ने सिल्वर और उन्हीं के साथी ओमप्रकाश ने ब्रॉन्ज जीता। टी-37 कैटेगरी में ग्रिड के लखवीर सिंह ने गोल्ड मेडल जीता और जीसीजी-11 के प्रशांत ने सिल्वर पर कब्जा किया। सोरम-36 के आकर्षित ने ब्रॉन्ज मेडल के साथ गेम खत्म की। चैंपियनशिप में ग्रिड-31, सोरम-36, भवन विद्यालय-27, आशा आर्मी स्कूल चंडीमंदिर, पोस्ट ग्रेजुएशन कॉलेज-11, पोस्ट ग्रेजुएशन कॉलेज-42 के एथलीट्स ने हिस्सा लिया।

दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...

Dainik Savera (Chandigarh) Page No.03 Colum No.02 Date-26-03-2023

# चंडीगढ़ सीपी एथलैटिक्स चैंपियनशिप का आगाज

## स्पैशल बच्चों ने दिखाई गजब की प्रतिभा

सवेरा न्यूज/अमित



चंडीगढ़ सीपी एथलैटिक्स चैंपियनशिप का आगाज के मौके पर हिस्सा लेते प्रतिभागी। - अनिल कुमार

चंडीगढ़, 25 मार्च : पैरा स्पोर्ट्स सोसाइटी ऑफ चंडीगढ़ की ओर से यहां सैक्टर 46 स्पोर्ट्स कांप्लैक्स में चंडीगढ़ सीपी एथलैटिक्स चैंपियनशिप 2023 का आयोजन किया गया। इस वार्षिक चैंपियनशिप का उद्घाटन सीपीएसएफआई के अध्यक्ष राजेश तोमर और खेल निदेशक चंडीगढ़ प्रशासन सौरभ अरोड़ा ने किया। इस चैंपियनशिप में ग्रिड सैक्टर 31, सोरेम सैक्टर 36, भवन विद्यालय सैक्टर 27, आशा आर्मी स्कूल चंडी मंदिर, पोस्ट ग्रैजुएशन कॉलेज सैक्टर 11, पोस्ट ग्रैजुएशन कॉलेज सेक्टर 42 के बच्चों ने भाग लिया। पैरा स्पोर्ट्स सोसाइटी ऑफ चंडीगढ़ सेरेब्रल पाल्सी स्पोर्ट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया की सदस्य है, जो भारत सरकार के युवा मामलों और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिसका उद्देश्य सेरेब्रल पाल्सी वाले व्यक्तियों के लिए खेल को बढ़ावा देना है। इस मौके पर सीपीएसएफआई के अध्यक्ष राजेश तोमर ने अपने संबोधन में चैंपियनशिप को निष्पक्ष और न्यायपूर्ण बनाने के लिए एथलीटों के उचित वर्गीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। खेल निदेशक सौरभ अरोड़ा ने चैंपियनशिप की शुरूआत की घोषणा की और अपने संबोधन में चंडीगढ़ के केंद्र शासित प्रदेश में सेरेब्रल पाल्सी वाले व्यक्तियों के लिए खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल विभाग चंडीगढ़ से सभी तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। इस चैंपियनशिप के शानदार आयोजन के सेरेब्रल पाल्सी स्पोर्ट्स फैडरेशन ऑफ इंडिया ने अपना 34वां संगीत, सेरेब्रल पाल्सी और खेलों पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कॉन्फ्रैंस हॉल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर 42 में किया। इस मौके खेल निदेशक सौरभ अरोड़ा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जल्द ही खेल के साथ-साथ शिक्षा और सामाजिक न्याय विभागों को शामिल करते हुए इसी तरह का आयोजन किया जाना चाहिए। कश्मीरा सिंह महासचिव पीएसएससी ने अपने वोट ऑफ थैंक्स में खेल विभाग यूटी प्रशासन को उनके लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पीएसएससी नई दिल्ली में आगामी राष्ट्रीय एथलैटिक्स में अच्छी भागीदारी का प्रयास करेगा।

# चंडीगढ़ सीपी एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2023 का सेक्टर 46 स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शानदार आगाज़

## स्पेशल बच्चों ने दिखाई गज़ब की प्रतिभा



चण्डीगढ़. (हिमप्रभा ब्यूरो)। पैरा स्पोर्ट्स सोसाइटी ऑफ चंडीगढ़ के ओर से यहां सेक्टर 46 स्थित स्पोर्ट्स कंप्लेक्स में चंडीगढ़ सीपी एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 का आयोजन किया गया। इस वार्षिक चैंपियनशिप का उद्घाटन सीपीएसएफआई के अध्यक्ष राजेश तोमर और खेल निदेशक चंडीगढ़ प्रशासन सौरभ अरोड़ा ने किया। इस चैंपियनशिप में ग्रिड सेक्टर 31, सोरेम सेक्टर 36, भवन विद्यालय सेक्टर 27, आशा आर्मी स्कूल चंडी मंदिर, पोस्ट ग्रेजुएशन कॉलेज सेक्टर 11, पोस्ट ग्रेजुएशन कॉलेज सेक्टर 42 के बच्चों ने भाग लिया। पैरा स्पोर्ट्स सोसाइटी ऑफ चंडीगढ़ सेरेब्रल पाल्सी स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की सदस्य है, जो भारत सरकार के युवा मामलों और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिसका उद्देश्य सेरेब्रल पाल्सी वाले व्यक्तियों के लिए खेल को बढ़ावा देना है। इस मौके पर सीपीएसएफआई के अध्यक्ष राजेश तोमर ने अपने संबोधन में चैंपियनशिप को निष्पक्ष और न्यायपूर्ण बनाने के लिए एथलीटों के उचित वर्गीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। खेल निदेशक सौरभ अरोड़ा ने चैंपियनशिप की शुरुआत की घोषणा की और अपने संबोधन में चंडीगढ़ के केंद्र शासित प्रदेश में सेरेब्रल पाल्सी वाले व्यक्तियों के लिए खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल विभाग चंडीगढ़ से सभी तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। इस चैंपियनशिप के शानदार आयोजन के सेरेब्रल पाल्सी स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अपना 34वां संगीत, सेरेब्रल पाल्सी और खेलों पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स सेक्टर 42 में किया। इस मौके खेल निदेशक सौरभ अरोड़ा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि जल्द ही खेल के साथ-साथ शिक्षा और सामाजिक न्याय विभागों को शामिल करते हुए इसी तरह का आयोजन किया जाना चाहिए। कश्मीरा सिंह महासचिव पीएसएससी ने अपने वोट ऑफ थैंक्स में खेल विभाग यूटी प्रशासन को उनके लॉजिस्टिक्स और इंफ्रास्ट्रक्चर सपोर्ट के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पीएसएससी नई दिल्ली में आगामी राष्ट्रीय एथलेटिक्स में अच्छी भागीदारी का प्रयास करेगा।

# दैनिक जागरण

जागरण सिटी चंडीगढ़

Dainik Jagran (Jagran City Chandigarh) Page No-03 Colum No-01 Date-26-03-2023

## स्पेशल बच्चों ने खेल स्पर्धा में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

जासं, चंडीगढ़ : पैरा स्पोर्ट्स सोसाइटी आफ चंडीगढ़ की ओर से स्पोर्ट्स कांप्लेक्स-46 में सीपी एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इस वार्षिक चैंपियनशिप का उद्घाटन सीपीएसएफआइ के अध्यक्ष राजेश तोमर और खेल निदेशक प्रशासन सौरभ अरोड़ा ने किया। इस चैंपियनशिप में ग्रिड सेक्टर-31, सोरेम सेक्टर-36, भवन विद्यालय सेक्टर-27, आशा आर्मी स्कूल चंडी मंदिर, पोस्ट ग्रेजुएशन कालेज सेक्टर-11, पोस्ट ग्रेजुएशन कालेज सेक्टर-42 के बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर खेल निदेशक सौरभ अरोड़ा ने कहा कि खेल के साथ-साथ शिक्षा और सामाजिक न्याय विभागों को शामिल करते हुए इसी तरह का आयोजन किया जाना चाहिए।



स्पोर्ट्स कांप्लेक्स-46 में आयोजित सीपी एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेते स्पेशल बच्चे • जागरण

# चंडीगढ़ में सीपी एथलेटिक्स चैंपियनशिप

## स्पेशल बच्चों ने दिखाई गजब की प्रतिभा, सेक्टर-46 में शानदार आगाज

**दिव्य हिमाचल ब्यूरो – चंडीगढ़**

पैरा स्पोर्ट्स सोसायटी ऑफ चंडीगढ़ के ओर से यहां सेक्टर 46 स्थित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में चंडीगढ़ सीपी एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 का आयोजन किया गया। इस वार्षिक चैंपियनशिप का उद्घाटन सीपीएसएफआई के अध्यक्ष राजेश तोमर और खेल निदेशक चंडीगढ़ प्रशासन सौरभ अरोड़ा ने किया। इस चैंपियनशिप में ग्रिड सेक्टर 31, सोरेम सेक्टर-36, भवन विद्यालय सेक्टर 27, आशा आर्मी स्कूल चंडी मंदिर, पोस्ट ग्रेजुएशन कॉलेज सेक्टर 11, पोस्ट ग्रेजुएशन कालेज सेक्टर 42 के बच्चों ने भाग लिया। पैरा



स्पोर्ट्स सोसायटी ऑफ चंडीगढ़ सेरेब्रल पाल्सी स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की सदस्य है, जो भारत सरकार के युवा मामलों और खेल मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त है, जिसका उद्देश्य सेरेब्रल पाल्सी वाले व्यक्तियों के लिए खेल को बढ़ावा देना है। इस मौके पर सीपीएसएफआई के अध्यक्ष राजेश तोमर ने अपने संबोधन में चैंपियनशिप को निष्पक्ष और न्यायपूर्ण बनाने के लिए एथलीटों के उचित वर्गीकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। खेल निदेशक सौरभ अरोड़ा ने चैंपियनशिप की शुरुआत की घोषणा की और अपने संबोधन में चंडीगढ़ के केंद्र शासित प्रदेश में सेरेब्रल पाल्सी वाले व्यक्तियों के लिए खेल को बढ़ावा देने के लिए खेल विभाग चंडीगढ़ से सभी तरह के सहयोग का आश्वासन दिया। इस चैंपियनशिप के शानदार आयोजन के सेरेब्रल पाल्सी स्पोर्ट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने अपना 34वां संगीत, सेरेब्रल पाल्सी और खेलों पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कॉन्फ्रेंस हॉल स्पोर्ट्स कांप्लेक्स सेक्टर 42 में किया।




**GRIID student gave floral welcome to the guests**